तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13 . 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 2 फरवरी 2026



जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता से हासिल किया जा सकता है लक्ष्य : लखन
2



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 5 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार 5 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक परिश्रम रिसोर्सेज प्रा.लि. गुड़गांव उपस्थित रहेगें। परिश्रम रिसोर्सेज गुड़गांव द्वारा स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन के 40 पद व सुपरवाईजर के 40 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता मीटर इंस्टॉलेशन हेत आई.टी.आई. व सुपरवाईजर के लिये 12 वी पास निर्धारित किया गया है। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष उक्त पद के लिये केवल पुरुष अभ्यर्थी ही पात्र होगें। चयनित आवेदकों का कार्यक्षेत्र जांजगीर-चांप रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ व जिला रोजगार कार्यालय का रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है।

### जमडी में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला 15 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम जमड़ी के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन 15 फरवरी रविवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं और कई प्रकार के व्यंजन एवं मनोरंजन के साधन आदि का व्यवस्था ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है। इस मेला का समापन 19 फरवरी गुरुवार को होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### अगले माह से नवागढ़ में होगा निःशुल्क शिविर का आयोजन

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में लगातार 57 शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा निशुल्क रोग जांच एवं परामर्श तथा आवश्यक मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर के आयोजक मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि अब दूसरे रविवार को आयोजित होने वाला शिविर आगामी माह से बिर्रा के बजाए 8 मार्च को वंदेमातरम उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में होगा।

### अमृत सरोवर बनेंगे ग्रामीण जागरूकता के केंद्र

**जांजगीर-चांपा।** आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने हेतु संचालित वीबी जीरामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ग्रामीण विकास में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने हेतु विशेष सूचनात्मक सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण में जिले के अमृत सरोवर स्थलों का चयन किया गया जा रहा है। जिले में वर्तमान में विकसित किए गए अमृत सरोवर जल संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। इन स्थलों पर राष्ट्रीय पर्वों के अवसर पर ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान, योग दिवस सहित विभिन्न जनसहभागिता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ये स्थल सामाजिक समरसता के प्रतीक बनते जा रहे हैं। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आगामी सप्ताह में जिले के समस्त अमृत सरोवर तटों पर वीबी जीरामजी योजना के लाभों से ग्रामीणों को अवगत कराने 'सरोवर संवाद' अथवा चौपाल चर्चा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

माघी पूर्णिमा पर चित्रोत्पला गंगा में हजारों ने लगाई डूबकी, पंद्रह दिवसीय मेला शुरु

# शबरी की नगरी में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

माघी पूर्णिमा पर भगवान शबरी नारायण की पावन नगरी शिवरीनारायण में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। पुण्य सलिला चित्रोत्पला गंगा महानदी में हजारों श्रद्धालुओं ने माघी पूर्णिमा स्नान कर दीप दान किया। ततश्चात भगवान नर-नारायण की पूजा-अर्चना हुई। इसके साथ ही यहां एक पखवाडे तक चलने वाले मेले का भी शुभारंभ हो गया है।

चित्रोत्पला गंगा महानदी के तट पर बसे शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ की पुरी के नाम से जाना जाता है। यहां माघी पूर्णिमा के दिन महानदी में स्नान कर भगवान के दर्शन करने की विशेष मान्यता है। इसी मान्यतानुसार रविवार 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा पर भक्तों की भीड़ लगी। दो दिन पूर्व से ही यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। भजन-कीर्तनों के बीच पूर्णिमा स्नान के लिये आधी रात से ही श्रद्धालु महानदी के घाटों की ओर पहुंचने लगे। पौ फटते ही हर-हर गंगे की जय घोष के साथ लोगों ने महानदी, शिवनाथ एवं जोक नदी के संगम में डुबकी लगाई और सूर्यनारायण को अर्घ्य देकर नदी की धार में दीप दान किया। इसके पश्चात भक्तों का रूख सीधे नर-नारायण मंदिर की ओर रहा। दर्शन के लिये बडे मंदिर परिसर में लोगों की भारी भीड़ रही। लोग कतार में खड़े दर्शन के लिये अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जबकि स्नान के लिये जनकपुर से बाबा घाट तक लोगों की भारी भीड़ रही। लोग शनिवार की शाम एवं रात तक यथायोग्य सुविधानुसार यहां चलकर आये वहीं कई लोग लोट मारते (जमीन नापते) यहां पहुंचे। जिनके लिए भोज एवं ठहरने के लिये मंदिर, धर्मशाला आदि जगहों पर इंतजाम किये गये। मठ मंदिर में पहुंचे साधु-संतों का भजन-कीर्तन एवं प्रवचन रातभर चलता रहा। नगर के केंवट मंदिर, मरार मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, राम-जानकी मंदिर सहित सभी देवालयों में ढोलक मंजीरे के साथ भजन-कीर्तन और रामायण की लहरियां गूंज रही थी। सुरक्षा की दृष्टि से नगर पंचायत व जिला प्रशसन द्वारा संयुक्त रुप से व्यवस्था की गई है। जिले के सभी थानों से यहां पुलिस बल की तैनाती की गई है। नदी-घाटों में बांस बेड़ा के साथ प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। इधर जमीन नापते (लोट मारते) आने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिये नगर के स्वयं सेवी संगठनों द्वारा निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई थी। पूर्णिमा की पूर्व रात्रि यहां पहुंचने वाले दर्शनार्थियो ने जगह-जगह भजन-कीर्तन की। लोगों ने मनोरंजन के लिये आए सिनेमा, झूले, मीना बाजार, मौत का कुंआ का आनंद लिया। माघ पूर्णिमा से शुरु होने वाला शिवरीनारायण के विशाल ऐतिहासिक मेला में न केवल छत्तीसगढ़ राज्य से अपितु देश के अनेक राज्यों से लोग सपरिवार मेले में आनंद लेने पहुंचते है।



महानदी में पूर्णिमा स्नान करते श्रद्धालु।



भगवान नर-नारायण की पूजा-अर्चना करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास।



दर्शन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

### साधु संतों के साथ राजेश्री ने सुबह 3 बजे लगाई डूबकी

श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज प्रत्येक वर्ष की तरह माघी पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 3 बजे त्रिवेणी संगम के बाबा घाट में स्नान के लिए अपने सहयोगियों सहित उपस्थित हुए। यहां चित्रोत्पला गंगा की स्तुति, पूजन तथा दीपदान कर मठ के लिए वापस हुए। लोगों ने बड़ी संख्या में महानदी में दीपदान करके पुण्य लाभ अर्जित किया। इसके बाद सुबह 11 बजे राजेश्री महन्त महाराज एवं संत -महात्मा तथा नगर वासी बड़ी संख्या में शाही स्नान के लिए महानदी, जोक नदी एवं शिवनाथ नदी के त्रिवेणी संगम तट बाबा घाट पर उपस्थित हुए। स्नान के पश्चात दीपदान किया गया तत्पश्चात सभी लोग बाजे -गाजे के साथ शिवरीनारायण मठ के लिए रवाना हुए।



### मठ मंदिर प्रांगण में खिचड़ी प्रसाद का वितरण

प्रत्येक वर्ष की तरह मठ मंदिर प्रांगण में नगर के समाज सेवियों के सौजन्य से खिचड़ी प्रसाद का भंडारा आम दर्शनार्थियों के लिए किया गया। इसमें लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ जी का प्रसाद प्राप्त किया। मान्यता है कि माघ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ उड़ीसा के पुरी स्थित मंदिर से शिवरीनारायण के मंदिर में आकर विराजित होते है। इस दिन जगन्नाथ को शिवरीनारायण में ही भोग लगाया जाता है।

### रात भर चला भजन- कीर्तन

शिवरीनारायण पहुंचे लोगों ने रातभर चौक- चौराहों में बैठकर भगवान के नाम का सुमिरन करते रहे। भजन - पूजन, पुण्य अर्जित कर सुबह त्रिवेणी संगम में स्नान किया। शिवरीनारायण के प्रत्येक गली -चौराहों में लोग कीर्तन मंडली, भजन मंडली, रामायण मंडली के साथ भगवान का भजन करते हुए दिखाई दिए। शिवरीनारायण मठ में पूरे रात भर भगवान के भजन में श्रद्धालु तल्लीन थे।

### सुबह 4 बजे खुला मंदिर का पट

सुबह 4 बजे मंदिर का पट खुलने के पश्चात भगवान की भव्य मंगल श्रृंगार आरती संपन्न हुआ। स्नान- ध्यान से निवृत होने के पश्चात राजेश्री महन्त महाराज सहयोगियों सहित नर - नारायण मंदिर में उपस्थित हुए। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने भगवान की स्तुति की, इसके साथ ही आम दर्शनार्थियों की लंबी लाइन भगवान के दर्शन के लिए कतारवध्द होकर अपनी बारी का घंटों प्रतीक्षारत थे, लोगों ने भगवान का दर्शन प्राप्त कर अपना जीवन धन्य बनाया। भगवान नर -नारायण मंदिर में पूजा अर्चना संपन्न होने के उपरांत राजेश्री महन्त महाराज मठ मंदिर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में उपस्थित हुए। यहां उनके द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई।स्तुति गान के पश्चात श्रद्धालु भक्तों को तुलसी पत्ती का प्रसाद वितरण किया गया।

# शो-पीस बनी पानी टंकी, छह माह बाद भी शुरु नहीं हो सकी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



नवागढ़ विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के बाजार चौक में पेयजल संकट को दूर करने के उद्देश्य से बनाए गए नए पानी टंकी का निर्माण आज ग्रामीणों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन गया है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह पानी टंकी बीते छह माह से बनकर तैयार खड़ी है,लेकिन अब तक इससे पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है।

विभागीय उदासीनता के चलते यह टंकी आज सिर्फ एक शोपीस बनकर रह गई है। ग्राम पंचायत तुस्मा के बाजार चौक और आसपास के मोहल्लों में लंबे समय से पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। गर्मी के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। इसे देखते हुए संबंधित विभाग द्वारा पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि टंकी के चालू होते ही उन्हें नियमित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के छह माह बाद भी सप्लाई शुरू न होना विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कभी पाइपलाइन कनेक्शन अधूरा होने की बात कही जाती है,तो कभी मोटर और बिजली कनेक्शन का बहाना बनाया जाता है। बाजार चौक जैसे व्यस्त क्षेत्र में पानी की किल्लत के कारण दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पानी टंकी से सप्लाई शुरू नहीं की गई,तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# बसंतपुर और सलिहाघाट के मध्य में स्थित महानदी पुल की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बसंतपुर और सलिया घाट के मध्य में स्थित महानदी के ऊपर बने पुल की हालत बहुत खराब हो गई है। यह पुल जांजगीर चांपा, सक्ती , कोरबा , बलौदा बाजार, सारंगढ़ , रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद ,रायपुर आदि कई जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र पुल है।

- सरिया के झांकने से आने-जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी

इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी वाहन आवागमन करते हैं। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गढ़ा होने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिला के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित ग्राम बसंतपुर में महानदी के ऊपर बने पुल समुचित देख रेख एवं मरम्मत के अभाव में बहुत ज्यादा खराब हो गया है। इस पुल से जांजगीर चांपा, सक्ती , कोरबा , बलौदा बाजार, सारंगढ़ , रायगढ़, बिलासपुर, महासमुंद ,रायपुर आदि कई जिलों को जोड़ने वाला यह क्षेत्र का एकमात्र पुल है। इस पुल से रोजाना हजारों की तादात में दो पहिया, चार पहिया वाहन और यात्री बसें के अलावा बड़े-बड़े भारी भीमकाय वाहन आवागमन करते हैं। इस पुल में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढा होने और सरिया के झांकने से आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुल के रेलिंग की टूटने के कारण राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों को अपनी जान हथेली पर लेकर चलना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने पुल की शीघ्र ही मरम्मत करवाने की मांग की है।



बसंतपुर और सलिहाघाट के बीच महानदी पर बने पुल बना गड्ढा व दिखता सरिया।

परीक्षा समाप्त होने के बाद सड़क पर रही जाम की स्थिति

# शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल हुए 12850 अभ्यर्थी, 1026 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन रविवार को दो पाली में किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने 13876 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किए थे, जिसमें से 12850 परीक्षा में शामिल हुए वहीं 1026 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हुई, जिसके कारण लोगों को आवागमन में परेशानी भी हुई।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा रविवार 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर सहित आसपास गांव के स्कूलों में किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 13876 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किए थे। परीक्षा दो पालियों में हुई। इस दौरान 12850 अभ्यर्थी इस पात्रता परीक्षा में शामिल हुए वहीं 1026 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। शिक्षक पात्रता परीक्षा के तहत प्रमुख रूप से हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, सामान्य ज्ञान सहित अन्य विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। परीक्षा समाप्त होने के बाद शहर में आने जाने वालों की काफी भीड़ देखी गई। रविवार 1 फरवरी को सुबह 8:30 बजे से 12:15 बजे के बीच पहली पाली के तहत परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में शामिल होने 5313 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किए थे, जिसके तहत 4860 अभ्यर्थी पात्रता परीक्षा में शामिल हुए वहीं 453 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली की परीक्षा के लिए 17 केंद्र बनाए गए थे। इसी प्रकार दूसरी पाली के तहत दोपहर 3 बजे से शाम 5:45 के बीच परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में शामिल होने 8563 अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किए थे, जिसके तहत 7990 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं 573 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा के लिए 29 केन्द्र बनाए गए थे। इधर व्यावसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर कई तरह के नियम भी बनाए गए थे जिसके तहत परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र तक पहुंचना जरूरी किया गया था। इसके बाद केंद्र के मुख्य दार को बंद कर दिया गया। साथ ही साथ सामान्य तरीके के कपड़े पहनने की अनुमति दी गई थी। परीक्षा को लेकर रविवार सुबह से ही अभ्यर्थियों की काफी भीड़ शहर में देखी गई, वहीं परीक्षा समाप्त होने के बाद जांजगीर शहर के प्रमुख स्थल कचहरी चौक नेताजी चौक पीटीआई चौक सहित लिंक रोड में शाम के समय जाम की स्थिति निर्मित हुई।



परीक्षा दिलाते व एग्जाम हॉल से बाहर निकलते अभ्यर्थी।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# धारदार चाकू लहराने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

धारदार चाकु लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चांपा क्षेत्र के जवाहरपारा निवासी आरोपी अमन नायक उर्फ बांगड उम्र 21 वर्ष धारदार चाकू लेकर लोगो को भयाक्रांत कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर आरोपी को पकड़ा तथा उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अशोक वैष्णव, उपनिरीक्षक उमेन्द्र मिश्रा, सउनि बलवंत धृतहरे, आरक्षक गौरीशंकर राय, आकाश कलोशिया एवं थाना चांपा स्टाफ का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल के सेवानिवृत्ति कर्मियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल से सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मियों को निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास के मुख्य आतिथ्य, विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में उमेश कुमार गुप्ता वरीय प्रबंधक (खनन) भूमिगत खदान विभाग, प्रेम सिंह कालवी कार्यालय अधीक्षक ए 1 उत्खनन विभाग, श्रीमती अनिता कड़वे लिपिक ग्रेड-1 निदेशक तकनीकी सचिवालय शामिल रहे। निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से एसईसीएल को सफलता की नई ऊंचाइयों तक लेकर गए हैं। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। प्रबंधन ने सभी के उज्ज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारियों ने भी कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एसईसीएल में कार्य करना गौरव का विषय रहा।

### 41 लैम्प्स समितियों के माध्यम से किसानों को मिल रही हैं आधुनिक सुविधाएं

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के उत्थान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले के अंतर्गत कुल 41 लैम्प्स समितियां संचालित हैं, जो खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिले में धान विक्रय हेतु 52,556 किसान पंजीकृत हैं एवं कुल पंजीकृत धान का रकबा 68656.57 हेक्टेयर है। इनमें सीमांत कृषक 24473, लघु कृषक 25653 एवं दीर्घ कृषक 2430 है। जिनके सुगम कार्य निष्पादन हेतु सभी 41 लैम्प्स में माइक्रो एटीएम स्थापित किए गए हैं, जिससे किसान अपनी आवश्यकतानुसार नगद राशि का आहरण कर पा रहे हैं। जिले के 41 लैम्प्स द्वारा राष्ट्रीय सहकारी समितियां भारतीय बीज सहकारी समिति, भारतीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली।

### तीन नाबलिकों से चोरी की तीन मोटर साइकिल जब्त



**कोरबा।** मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन नाबालिक सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के तीन मोटर साइकिल जब्त किया है।सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सितंबर 2025 में अज्ञात चोरों के द्वारा मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पता साजी के दौरान सिविल लाईन पुलिस और सीएसईबी चौकी को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी के मोटर सायकल में फरार्टे भर रहे थे सूचना पर सीएसईबी व सिविल लाईन पुलिस ने संयुक्त दबिश देकर तीन नाबालिकों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से तीन मोटर साइकिल बरामद किया गया है। मामले में अपचारी बालको को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि अपचारी बालको द्वारा होंडा लिवो मोटरसाइकिल, वाहन क्रमांक सीजी 11 एक्यू 9955 को बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा से चोरी कर कोरबा लाया गया था। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है।

# गौतम, अमन, भूषण जगदेव और डॉ.प्रभात स्वाति की जोड़ी ने जीता खिताब

## एकलव्य रिपब्लिक कप बैडमिंटन चैंपियनशिप कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के तत्वावधान में रिपब्लिक कप 2026 बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। तीन आयु वर्ग में आयोजित एकदिवसीय टीम इवेंट में गौतम-अमन, भूषण उरांव व जगदेव और डॉ प्रभात पाणिग्रही व स्वाति रेगे की जोड़ी ने एकलव्य रिपब्लिक कप के विजेता का खिताब हासिल किया। निगम कॉलोनी निहारिका स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के भव्य बैडमिंटन कोर्ट में यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग में आयोजित की गई थी। इनमें 25 से 45 वर्ष, 45 से 60 एवं 60 वर्ष से अधिक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 25 से 45 वर्ष में 16 टीम, 45 से 60 में 8 और 60 प्लस में 4 टीमों ने हिस्सा लिया। 25 से 45 वर्ष में गौतम और अमन की जोड़ी विजेता रही। अवनीश पाठक और नरेंद्र उइके उपविजेता रहे। 45 से 60 वर्ष में भूषण उरांव व जगदेव की जोड़ी विजेता और मनीष गुप्ता व नितिन गुप्ता उप विजेता रहे। 60 प्लस आयु वर्ग में डॉ प्रभात पाणिग्रही और स्वाति रेगे की जोड़ी विजेता व सुधीर रेगे और डॉ ज्योति श्रीवास्तव उप विजेता रहे। आयोजन को सफल बनाने एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल, कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) के संरक्षक अशोक शर्मा, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के वाइस प्रेसिडेंट भूषण उरांव, सचिव मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, केडीबीए अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुधीर रेगे, श्रीराम तिवारी, चीफ रेफरी सूर्यकांत ठाकुर, कार्यक्रम संचालक अमित बनर्जी ने मुख्य भूमिका निभाई।

**खास बातें**

- 25 से 45 वर्ष, 45 से 60 एवं 60 वर्ष से अधिक के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



## उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

# जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता से हासिल किया जा सकता है लक्ष्य : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत वर्ष संपूर्णता अभियान 1.0 के तहत निर्धारित संकेतकों पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशन में नीति आयोग द्वारा जिले को विकास की तेज राह पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान 2.0 लागू किया गया है। सरपंचों सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और विभागीय अधिकारियों के समन्वय से आकांक्षी जिले के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए कोरबा को विकास व प्रगति के पथ पर आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्ट्रेट में आयोजित नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का औपचारिक शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान के सभी मानकों को प्राप्त करने में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचे, इसके लिए समर्पित भाव से कार्य करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए डीएमएफ की व्यवस्था से जिले में अनेक विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 विजन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी छत्तीसगढ़ को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनजागरूकता के माध्यम से संपूर्णता अभियान 2.0 के निर्धारित संकेतकों पर प्रभावी कार्य कर लक्ष्यों की प्राप्ति और कोरबा जिले को आकांक्षी जिला श्रेणी से बाहर लाने के लिए सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक बताई। कार्यक्रम को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने भी संबोधित किया।





हितग्राहियों को चेक प्रदान करते उद्योग मंत्री, कलेक्टर एवं विधायक।

### दिलाई शपथ, स्व सहायता समूहों को चेक का वितरण

उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री देवांगन ने संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अभियान की सफलता हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने सेल्फी जोन में स्मृति फोटो भी लिए। कार्यक्रम में बिहान से जुड़े स्व-सहायता समूह-ग्राम दोंदरो की देवी स्व-सहायता समूह, जय मां दुर्गा स्व-सहायता समूह, जामबहार की जय मां लक्ष्मी एवं जय अंबे स्व-सहायता समूह, तथा सोनपूरी की राधा कृष्णा स्व-सहायता समूह को मंत्री श्री देवांगन द्वारा चेक वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोलगा के उतरा सिंह, पंचराम, श्री शांति और दुकालुराम को स्वायल हेल्थ कार्ड भी प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने स्व-सहायता समूह द्वारा लगाये स्टाल का भी अवलोकन किया।

# बांकीमोंगरा क्षेत्र में मिला भ्रूण, जांच में जुटी पुलिस



नवजात का भ्रूण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

बांकीमोंगरा क्षेत्र में उस समय लोग सकते में आ गए जब एक सात माह का भ्रूण मिला। भ्रूण मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की शाम बांकी कॉलोनी मनोरंजन क्लब के पीछे भ्रूण की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और घटनास्थल पे आस पास के लोगो के साथ साथ क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगो के भीड़ उमड़ने लगी। भ्रूण मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी नंदलाल टंडन अपनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर तफ्तीश कर रही है, सीसीटीवी फुटेज से जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। प्रथम जांच में आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर यह जानकारी मिली कि शनिवार की दोपहर के वक्त किसी अंजान व्यक्ति को यहां झोला के साथ देखा गया था संभावना जतायी जा रही है कि उसी ने यह भ्रूण को फेंका है। फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किसके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले में बारीकी से जांच की जा रही है।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसे के होते ही स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और हादसे के होते ही लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। चक्काजाम की सूचना पर प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और ग्रामीणों को समझाइश दी गई जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

**खास बात**

- हरदीबाजार थाना क्षेत्र के अंडीकछार रोड पर हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी सौरभ राजपूत 25 वर्ष पिता सूर्यभान राजपूत अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 डीजी 3287 में सवार होकर अपनी भाभी को मोटरसाइकिल में बैठाकर उसे छोड़ने के लिए ग्राम उतरदा आया हुआ था, जहां देर शाम को अपनी भाभी को छोड़कर वह मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने गृहग्राम नोनबिर्रा लौट रहा था कि इसी दौरान बीच रास्ते में ग्राम अंडीकछार के समीप एक अज्ञात वाहन ने सौरभ राजपूत को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मुख्य मार्ग पहुंच गए और स्थानीय लोगों ने मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर हरदीबाजार पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।



सड़क दुर्घटना मृत युवक।

### हनुमानजी की प्रतीमा के साथ तोड़फोड़ बजरंग दल ने जताया अक्रोश

**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबी चौकी के सिरमीना घाटी इलाके में हनुमान जी की मूर्ति खंडित किए जाने की घटना सामने आई है। घटना को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल उत्पनन हो गया था और बजरंग दल के सदस्य घटना स्थल पर पहुंचे थे। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज किया और मूर्ति को तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरमिना में शनिवार की सुबह अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हनुमान जी की मूर्ति को खंडित करने के साथ ही मंदिर के पुजारी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने डंडे से पुजारी की पिटाई की। घटना के बाद पुजारी और ग्रामीणों द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। कोरबी पुलिस ने मामला में संज्ञान लेते हुए विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया और पुलिस ने उसी गांव में रहने वाले रामकुमार मरावी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### पुलिस ने एक हफ्ते में 59 आरोपियों को भेजा जेल

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशों पर जिले के सभी अनुभागों और थाना चौकी प्रभारियों ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया।इस कार्रवाई के दौरान 24 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 9 स्थायी वारंटी थे। विभिन्न मामलों में कुल 33 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि ये सभी आरोपी पहले से फरार थे और अदालत द्वारा जारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। एक सप्ताह के अंदर पुलिस ने अब तक कुल 59 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने कहा कि यह अभियान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जारी रहेगा। पुलिस ने आम लोगों से कहा है कि वे शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दुरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
• सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
• बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
• नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
• निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिशर, आंतो की रूकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुंह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# अनुराग कश्यप के हाथ लगी चिरंजीवी की फिल्म

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'माना शंकरा वर प्रसाद गारू' की सफलता का जश्न मना रहे हैं जिसे दर्शकों के साथ-साथ सितारों ने भी सराहा है। इस सफलता के बीच अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म भी तय कर ली है जिसका आधिकारिक ऐलान जल्द होगा। दावा किया गया है कि चिरंजीवी की इस फिल्म में बॉलीवुड निर्देशक अनुराग कश्यप भी शामिल होंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि चिरजींवी अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक बॉबी के साथ जुड़ रहे हैं जिसका आधिकारिक शुभारंभ फरवरी में होगा।

## लाइफ Style



# श्रद्धा
## दोबारा शुरू की 'ईथा' की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म 'ईथा' को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। एक सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। 1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली 'ईथा' फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## हॉलीवुड मसाला



# फास्ट एंड फ्यूरियस 11 को मिला नाम

**लॉस एंजेलिस।** रफ्तार और एक्शन से सजी दुनिया की सबसे बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के आखिरी अध्याय का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सीरीज के मुख्य अभिनेता विन डीजल ने अपनी अगली फिल्म के नाम और रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। फ्रेंचाइजी की 11वीं फिल्म न केवल पुरानी यादों को ताजा करेगी, बल्कि अभिनेता पॉल वॉकर की विरासत को भी सलाम करेगी। फ्रेंचाइजी के निर्माता और मुख्य अभिनेता विन डीजल ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि 'फास्ट फॉरएवर' 17 मार्च, 2028 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# साई की एक्टिंग पर फिदा हुए दर्शक

**मुंबई।** एक बिल्कुल जादुई, सौम्य और क्लासिक प्रेम कहानी को दर्शाते हुए, आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म एक दिन का टीज़र जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान की प्यारी, सहज और नई जोड़ी नजर आ रही है। टीज़र इस खूबसूरत प्रेम कथा की मनमोहक झलकियों से भरा हुआ है, जो दर्शकों के लिए किसी खास तोहफे से कम नहीं है। खास बात यह है कि इसी फिल्म के जरिए साई पल्लवी हिंदी सिनेमा में अपना डेब्यू कर रही हैं और पहली ही झलक में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। बता दें कि जैसे ही एक दिन का टीज़र रिलीज़ हुआ, सोशल मीडिया पर साई पल्लवी के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर दर्शकों ने जमकर प्यार बरसाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी देश की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# रानी पहुंची सिद्धिविनायक बप्पा के किए दर्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी की क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मर्दानी 3' का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। दर्शकों को अपराध की दुनिया से रूबरू कराने के लिए यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। सोशल मीडिया पर इसे फिल्म समीक्षकों और दर्शकों की भर-भरकर तारीफें मिल रही हैं। इस बीच, रानी ने मुंबई के प्रिसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में जाकर हाजिरी लगाई है। यहा उन्होंने फिल्म की सफलता के लिए गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की। भाई राम मुखर्जी के साथ मंदिर पहुंची रानी सोशल मीडिया पर मौजूद वीडियो में रानी सिद्धिविनायक मंदिर में जाती नजर आईं। उन्होंने क्रीम रंग का साधारण का सूट पहन रखा है और अपने सिर को दुपट्टे से ढ़क रखा है। उनके साथ भाई राम मुखर्जी भी मौजूद रहे।



# नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' के बोल्ड सीन को लेकर क्या बोलीं

**लॉस एंजेलिस।** मार्गोट रॉबी की नई फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' चर्चा में है। यह फिल्म एमिली ब्रोंटे के क्लासिक उपनास पर आधारित है। फिल्म में मार्गोट रॉबी और जैकब एलोर्डी की जोड़ी दिख रही है। फिल्म का निर्देशन एमराल्ड फेनेल ने किया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फिल्म के बोल्ड दृश्यों पर बहस हो रही है। रॉबी ने लॉस एंजेलिस में हुए फिल्म प्रीमियर के दौरान कहा कि इंटिमेट सीन की शूटिंग अन्य दृश्यों जैसी ही थी। इसके लिए उन्होंने कोई विशेष तैयारी नहीं की थी। मार्गोट रॉबी ने कहा कि यह फिल्म सभी से भावनात्मक रूप से बहुत कुछ मांगती है। उनके किरदार को हर सीन में रोना पड़ता है पर उन्हें यह भूमिका निभाना बहुत पसंद आया। एक ही पल में भावनाओं का बदलना उन्हें चुनौतीपूर्ण लगा। फिल्म 'वुदरिंग हाइट्स' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह तारीख वैलेंटाइन्स डे के सप्ताह के साथ मेल खाती है।

## टीवी मसाला




# 'द 50' के मेकर्स का धमाका: घर बैठे बिठाए जीतें 50 लाख रुपए

**मुंबई।** बिग बॉस खत्म होने के बाद भी दर्शकों को बोर होने का एक पल भी नहीं मिलेगा। जियो हॉटस्टार और कलर्स जल्द ही अपने नए रियलिटी शो 'द 50' के साथ वापस आ रहे हैं। इस शो में 15 या 16 नहीं, बल्कि पूरे 50 सेलिब्रिटी एक ही हवेली में साथ रहेंगे। दस शो को लेकर फैंस के लिए कुछ रोमांचक खबर है जो उन्हें खुशी से झूमने पर मजबूर कर देगी। सिर्फ़ स्टार्स ही नहीं, बल्कि फैंस को भी 50 लाख रुपये जीतने का मौका मिलेगा। ये है मोहब्बतें' के रमन भल्ला के नाम से मशहूर करण पटेल ने वीडियो में विस्तार से बताया है कि फैंस को 50 लाख रुपये जीतने का मौका कैसे मिल सकता है। वीडियो में लव कटारिया से लेकर फैजू और मनीषा रानी तक, सभी कहते हैं, मैं 'द लायन' की हवेली में जा रहा हूँ, कुल 50 सेलिब्रिटी हैं। करण पटेल के वीडियो से यह साफ है कि जो भी जीतेगा, उसके फैंस को 50 लाख रुपये मिलेंगे।

***आज से शुरू हो रहा शो :*** रियलिटी शो द 50 1 फरवरी से, यानी आज से तीन दिन बाद, रात 9 बजे जियो हॉटस्टार पर और रात 10:30 बजे कलर्स पर प्रसारित होगा। शो में कुल 50 सेलिब्रिटी हिस्सा लेंगे, जिनमें रिद्धि डोगरा, उर्वशी ढोलकिया, दिग्विजय राठी, फैसल शेख, दिव्या अग्रवाल, प्रिंस नरूला, युविका चौधरी, शिव ठाकरे, रजत दलाल, निक्की तंबोली, अरबाज पटेल, मोनालिसा, विक्रांत सिंह राजपूत, शाइनी दोशी, डिनो जेम्स, लवकेश कटारिया, कृष्णा श्रॉफ और अर्चना गौतम शामिल हैं।

## शादी पर बोलीं बबीता जी होना होगी तो हो जाएगी


तारक मेहता का उल्टा चश्मा फैंस के बीच एक पसंदीदा शो है। इस शो ने कई चेहरों को पॉपुलर बनाया है, और मुनमुन दत्ता उनमें से एक हैं। मुनमुन



शो में बबीता जी का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हो गई हैं। मुनमुन अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन वह अफवाहों पर कम ही रिएक्ट करती हैं। पहली बार मुनमुन ने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में कई बातें शेयर की हैं। रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन दत्ता से जब पूछा गया कि क्या वह शादी करना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मुझे प्यार पसंद है लेकिन मुझे अभी यह साफ नहीं है कि मैं शादी करना चाहती हूं या नहीं। अगर यह मेरी किस्मत में होगा, तो हो जाएगा। मैं उस तरह की लड़की नहीं हूं जो शादी के पीछे भागती है।

# 'चांद मेरा दिल' में इश्क लड़ाएंगे लक्ष्य और अनन्या

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक बार फिर रूहानी और म्यूजिकल रोमांस का दौर लौटने वाला है। धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी अगली बड़ी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की रिलीज तारीख का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। फिल्म 'किल' से अपनी जबरदस्त पहचान बनाने वाले अभिनेता लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार पर्दे पर एक-दूसरे के साथ इश्क लड़ाते नजर आएंगे। विवेक सोनी के निर्देशन में बन रही ये लव स्टोरी दर्शकों के बीच कब आ रही है, आइए जानते हैं।



***सिनेमाघरों में आ रही 8 मई को :*** धर्मा प्रोडक्शंस बड़े पर्दे पर प्यार की एक ऐसी दास्तां ला रहा है, जिसे सिर्फ देखा नहीं, बल्कि महसूस किया जा सकेगा। निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है कि अनन्या और लक्ष्य अभिनीत 'चांद मेरा दिल' 8 मई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इन लव स्टोरी में संगीत कहानी की रूह बनकर उभरेगा। एक भव्य रोमांटिक अनुभव के रूप में पेश की जा रही ये फिल्म दर्शकों को जज्बातों के एक गहरे सफर पर ले जाने का वादा करती है।

### *पिछले साल आने वाली थी यह फिल्म*

*ये फिल्म अक्षय कुमार और सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों की फिल्मों से ठीक 1 हफ्ते पहले रिलीज हो रही है। एक ओर अक्षय 15 मई को फिल्म 'भूत बंगला' लेकर आ रहे हैं और इसी दिन सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'वन: फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' पर्दे पर आ रही है। पहले 'चांद मेरा दिल' पिछले साल रिलीज होने वाली थी। फिर इसे टालकर 10 अप्रैल ,2026 किया गया। अब आखिरकार निर्माताओं ने 8 मई, 2026 की तारीख तय की है।*

# 'भूत पुलिस 2' के लिए निर्देशक प्रियदर्शन ने वसूली मोटी फीस, इस बार दिखेंगे नए चेहरे

**मुंबई।** सैफ अली खान, अर्जुन कपूर, जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' 2021 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया था जिसे लोगों ने ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी। अब इस फिल्म का सीक्वल चर्चा में है जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी प्रियदर्शन ने उठाई है। उन्हें 'हेरा फेरी' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। बताया जाता है कि 'भूत पुलिस 2' के लिए के लिए प्रियदर्शन ने मोटी फीस वसूली है।



***'भूत पुलिस 2' पर काम शुरू, प्रियदर्शन की फीस का खुलासा :*** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत पुलिस 2' पर आधिकारिक तौर पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके निर्देशन के लिए प्रियदर्शन को चुना गया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रियदर्शन इस सीक्वल का निर्देशन करने के लिए 21 करोड़ रुपये फीस ले रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि पहली किस्त की तरह सीक्वल भी हॉरर-कॉमेडी जॉनर को बरकरार रखेगा लेकिन कास्टिंग में बड़ा बदलाव होगा। सैफ और अर्जुन की बजाए नई जोड़ी पर दांव लगेगा।

**2026 के आखिर में शुरू हो सकती है शूटिंग :** सूत्र ने आगे कहा, विचार यह है कि एक नई जोड़ी के साथ इस फ्रैंचाइज को नया रूप दिया जाए। निर्माता 2 अभिनेताओं पर विचार कर रहे हैं। फिल्म की कास्टिंग प्रक्रिया और प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के बाद, शूटिंग इस साल के आखिर तक शुरू होने की उम्मीद है। प्रियदर्शन सीक्वल को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, प्रियदर्शन आगामी फिल्म 'हैवान' में व्यस्त हैं जिसमें अक्षय कुमार और सैफ अली नजर आएंगे।


## डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई

# 'धुरंधर' के ओटीटी वर्जन पर मचा बवाल, निर्माताओं ने किया बदलाव से इनकार

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ की रिकॉर्डतोड़ कमाई करने के बाद रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है, लेकिन इसके साथ ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर फैंस का दावा है कि फिल्म का ओटीटी वर्जन थिएटर वर्जन से करीब 9 मिनट छोटा है, जिसके बाद इंटरनेट पर फिल्म में कांट-छांट को लेकर हंगामा मच गया। हालांकि, अब फिल्म के निर्माताओं ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

### 9 मिनट कम रनटाइम से मचा बवाल

निर्माताओं के मुताबिक, फिल्म को बिना किसी कट के प्रस्तावित किया गया था, जिससे ओटीटी वर्जन में कांट-छांट को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। सूत्र ने आगे बताया कि प्रोडक्शन टीम ने नेटफ्लिक्स के आदेश और आवश्यकताओं के अनुसार ही काम किया है। दरअसल, कुछ दर्शकों ने दावा किया था कि नेटफ्लिक्स पर 'धुरंधर' का रनटाइम 3 घंटे 25 मिनट है, जो इसके मूल सिनेमाई रनटाइम (3 घंटे 34 मिनट) से 9 मिनट कम है।



### सोशल मीडिया पर भड़का था फैंस का गुस्सा

लगभग 9-10 मिनट की इस कटौती और गाली वाले डायलॉग्स पर कैंची चलने से फैंस भड़क गए थे। सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कह रहे हैं कि 18+ प्लेटफॉर्म होने के बावजूद फिल्म को सेंसर करने का कोई तुक नहीं है। फैंस के बढ़ते गुस्से और अटकलों को देखते हुए आखिरकार निर्माताओं को सामने आकर सफाई देनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि डिजिटल रिलीज के लिए फिल्म में कोई अलग से कांट-छांट नहीं हुई है।

### नेटफ्लिक्स को बिना किसी कट के सौंपी गई 'धुरंधर'- निर्माता

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म से जुड़े सूत्रों ने विशेष रूप से पुष्टि की है कि निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स को जो वर्जन सौंपा है, उसमें कोई भी कांट-छांट नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि 'धुरंधर' के निर्माताओं ने नेटफ्लिक्स रिलीज के लिए बिना किसी कट या एडिट के फिल्म पेश की की है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया ये वर्जन नेटफ्लिक्स की सभी शर्तों और अनिवार्यताओं का पूरी तरह से पालन करता है।

### 'धुरंधर' में देशभक्ति का तड़का

बता दें कि एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे बड़े सितारे भी नजर आए हैं। इसका निर्देशन आदित्य धर ने किया है। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक बड़े जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें भारतीय खुफिया एजेंसी के जांबाज अधिकारियों की वीरता को दिखाया गया है, जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय साजिश को नाकाम करते हैं।

**खबर संक्षेप**

## नगरदा में मड़ई मेला व डांस प्रतियोगिता हुआ आयोजित



**बाराद्वार।** ग्राम पंचायत नगरदा में मड़ई मेला के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता के साथ-साथ आयोजित डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच जागेश्वर सिदार, सरपंच बॉम्बे लाल यादव सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिव कंवर द्वारा किया गया। इस मौके पर उप सरपंच श्रीमती लता विजेन्द्र कंवर,राम लाल राठौर,करम सिंह कंवर, तुलेश्वर साहू, दीपक कंवर, राजेश साहू, दिनेश राठौर, संतोष कंवर,राम गोपाल साहू, रमेश राठौर, युवराज साहू, शंकर बरेठ, कृष्णा साहू, मंजीत कंवर, हरीश साहू, सोमनाथ राठौर, लाला केवट, राजेन्द्र कंवर,रोशन कंवर अंजोर कंवर, धरम कंवर, अजय कंवर भगदन केवट आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रागिनी एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण कर बनी डॉक्टर

**देवरी सारागांव।** बम्हनीडीह ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत दुरपा (बाराद्वार) निवासी ईश्वर प्रसाद यादव की पुत्री रागिनी यादव ने विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) अपने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर एमबीबीएस डॉक्टर बनकर ग्राम दुरपा का नाम रोशन किया है। डॉ. रागिनी यादव ने अपनी उच्च शिक्षा रसिया के नालचिक शहर में रहकर पूर्ण की है। इसके पश्चात भारत सरकार द्वारा आयोजित एफएमजीई परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने डॉक्टर की डिग्री हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उनके पिता ईश्वर प्रसाद यादव वर्तमान में एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप गेवरा में फोरमेन के पद पर कार्यरत हैं, उनके चाचा परमेश्वर (धन्नू) यादव ग्राम पंचायत दुरपा के उपसरपंच हैं।



## भारतीय ज्ञान गंगा स्कूल में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन



**पामगढ़।** भारतीय ज्ञान गंगा पूर्व माध्यमिक शाला हिर्री पामगढ़ में वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे सदस्य जिला पंचायत जांजगीर चांपा एवं अध्यक्षता प्रभा देवी साहू उप सरपंच ने की। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है । उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण कर आगे की पढ़ाई उच्च स्तर पर करें आने वाले समय में आप ही हमारे क्षेत्र के भविष्य बनेंगे और जो नहीं पढ़ रहे या विद्यालय नहीं जा रहे विद्यार्थी को अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय में प्रवेश दिलाए साथ ही विद्यालय में शौचालय स्कूल भवन या जो भी आवश्यकता है उसे पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत मे बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर विनोद खरे, रमेश खरे, मनोज ज्योति स्कूल संचालक, राम जी खरे, बिनोद ज्योति, नेतराम खरे ,नेहा लहरे, सीमा सुनहरे निशा यादव,हेमा यादव,सोनम खरे, माया भट्ट उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली बिल योजना के हितग्राहियों को वितरित किया गय प्रमाण पत्र

**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत छपोरा के छत्तीसगढ़ राज्य बिजली वितरण कार्यालय में रजत महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रूप में जनपद पंचायत मालखरौदा उपाध्यक्ष रितेश साहू सम्मिलित हुए, जहां सर्वप्रथम उन्होंने श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना किया। उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र वितरण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत छपोरा के सरपंच राजू साहू,देव कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि नीलम चंद्र, जेई देव खंडे, पुरुषोत्तम जयसवाल एवं विभाग के समस्त कर्मचारीगढ़ गांव एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक सभी उपभोक्ता उपस्थित रहे।

**निधन**

## गजाधर प्रसाद चौधरी

**चांपा।** ग्राम टेमर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं मरार हरदीहा समाज के पूर्व जोन अध्यक्ष रहे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन गजाधर प्रसाद चौधरी का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधु समेम गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे पूर्व सरपंच गुरुदेव चौधरी के पिता थे।



## केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया : भाजपाईयों ने की सराहना, कांग्रेसियों ने आलोचना

# आम लोगों के लिए बजट में राहत, 12 लाख तक कोई कर नहीं

**जांजगीर-चांपा।** केन्द्र में सत्तासीन मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर भाजपाइयों ने आम जनता का हितैषी बजट बताया। भाजपाईयों ने 12 लाख तक के आयकर में छूट देने सहित अन्य सौगातों को आमजन के लिए खास बताते हुए इसे गांव, गरीब और आमजन को समर्पित बजट के साथ युवा भारत के सपने को साकार करने वाला बताया, तो वहीं कांग्रेसियों ने मोदी सरकार के पुराने वायदों को झूठलाने वाला और आंकड़ों की जादूगरी का बजट बताते हुए इसे अत्यंत निराशाजनक और उद्योगपत्तियों के लिए फायदेमंद करार दिया है।

### गांव, गरीब, किसानों व आम जनता को समर्पित है बजट

छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने केन्द्र सरकार के आम बजट को आम जनता को राहत देने वाला बजट बताया है। श्री चंदेल ने इस बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत यह आम बजट गांव, गरीब, युवा, महिला, किसानों एवं आम जनता को समर्पित यह बजट है। उन्होंने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि इस बजट में ग्रामोंद्योग, कुटीरउद्योग को बढ़ावा देने वाला, युवाओं को रोजगार देने वाला, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, रेल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूर्ति करने वाला तथा पर्यटन, पुरातत्व एवं धार्मिक नगरी को विकास व विकसित करने की योजना इस बजट में शामिल किया गया है।



नारायण चंदेल

### बजट में किसान और आम जन का नहीं दिया गया है ध्यान

जांजगीर-चांपा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में महंगाई से राहत, टैक्स स्लैब में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार गारंटी, रसोई गैस और बिजली पर सीधी राहत जैसे वादों का कोई उल्लेख नहीं है। किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी, इनपुट सब्सिडी और आय सुरक्षा पर भी चुप्पी साधी गई है। केन्द्र सरकार ने लोकसभा चुनाव के पूर्व किए गए वादों पर इस बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।



ब्यास कश्यप

### आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत की ओर निर्णायक कदम

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने केन्द्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट भारत के आर्थिक इतिहास में एक दूरदर्शी और विकासोन्मुख बजट के रूप में सामने आया है। बजट का मूल उद्देश्य विकास, समावेशन और नवाचार के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ाना है केन्द्रीय बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के संकल्प की मजबूत नींव है।यह बजट आत्मनिर्भरता, रोजगार, नवाचार और सामाजिक न्याय का संतुलित मिश्रण है जो भारत को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा।



अंबेश जांगड़े

### महंगाई और बेरोजगारी कम करने कोई रोडमैप नहीं

केन्द्रीय आम बजट पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसान कर्ज और लागत से जूझ रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें इस बजट में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट आंकड़ों की जादूगरी और झूठे सपनों का पुलिंदा है। आम आदमी को राहत देने के बजाय रोजमर्रा की जरूरतों को और महंगा कर दिया गया है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूटेगी। उन्होंने बजट को निराशाजनक बताते हुए आम जनता के लिए कोई राहत नहीं मिलने की बात कही।



दिनेश शर्मा

### आम जनता की अपेक्षा पर खरा नहीं उतरता बजट

अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर ठोस समाधान का अभाव दिखाई देता है। मध्यम और निम्न वर्ग को राहत देने के बजाय कॉरपोरेट हितों को प्राथमिकता दी गई है। सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए आवंटन अपर्याप्त है, जिससे गरीब और कमजोर वर्ग निराश महसूस कर रहा है। यह बजट जमीनी हकीकत से दूर और केवल आंकड़ों तक सीमित नजर आता है।



राघवेन्द्र कुमार सिंह

### टैक्स पेयर्स को सहूलियत, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा है कि यह बजट कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बजट है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए प्रावधान आम आदमी को राहत पहुंचाएंगे वही इस बजट के प्रावधान से दवाइयां जैसी अति आवश्यक वस्तुएं सस्ती होगी आयकर के सरलीकरण से छोटे टैक्स पेयर्स को सहूलियत होगी इस बजट में किए गए प्रावधान से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।



सौरभ सिंह

### कर्तव्य भवन का प्रथम बजट सशक्त भारत की सुदृढ़ बुनियाद बनेगा

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रायगढ़ जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीताररमन द्वारा कर्तव्य भवन में प्रथम प्रस्तुत 2026-27 का बजट विकसित भारत निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सशक्त राष्ट्र निर्माण का यह मजबूत स्तम्भ सिद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि नारी सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष दर्शन कराते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वी बार देश का बजट प्रस्तुत कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह बजट समावेशी विकास, सतत विकास और आर्थिक लचीलेपन को समर्पित है।



प्रशांत सिंह ठाकुर

### किसान, गरीब और विकास को समर्पित बजट

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता एवं प्रदेश बजट प्रचार समिति के सदस्य इंजी. रवि पाण्डेय ने बजट को किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला तथा विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला बताया। उन्होंने कहा इस बजट में कृषि एवं किसान कल्याण के लिए बढ़े हुए प्रावधान, आधुनिक तकनीक का समावेश, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों तक जानकारी पहुंचाने की पहल तथा उच्च-मूल्य फसलों को बढ़ावा देने जैसे निर्णय सरकार की किसान-हितैषी सोच को दर्शाते हैं। तकनीकी समाधान से देश का किसान अब वैज्ञानिक और आधुनिक खेती की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा। बजट में ग्रामीण बुनियादी ढांचे, सिंचाई, कृषि नवाचार और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है।



इंजी रवि पांडेय

### गांव ,गरीब,किसान एवं मध्यवर्गीय विरोधी केंद्रीय बजट

केंद्र के मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने कहा कि देश के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट गांव, गरीब ,किसान एवं मध्यवर्गीय विरोधी बजट है। किसानों के उपज का कीमत बढ़ने का कोई प्रावधान बजट में नहीं है। बेरोजगारों के लिए रोजगार देने का कोई पर्याप्त प्रावधान नहीं है। छोटे एवं मध्यवर्गीय व्यापारी जीएसटी में कमी होगी ऐसा अनुमान लगाए थे लेकिन उनके उम्मीद में पानी फिर गया। बजट से दैनिक उपयोग की आवश्यक सामानों पर महंगाई में कोई कमी नहीं होगी बल्कि महंगाई में भारी बढ़ोतरी होगी। केंद्रीय बजट आम लोगों की उम्मीदों के विरुद्ध है, केंद्रीय बजट केवल पूंजीपतियों को ध्यान में रख कर ही तैयार किया गया है।



रमेश पैगवार

### बजट में दी गई शिक्षा को प्राथमिकता

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इंग्लिश आचार्य के डायरेक्टर दीपक तिवारी ने कहा कि बजट में शिक्षा को अच्छी प्राथमिकता दी गई है। स्कूलों और उच्च शिक्षा के लिए बजट बढ़ाना एक सकारात्मक कदम है। हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल और नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप जैसी योजनाएं शिक्षा को ज़्यादा सुलभ और सुरक्षित बनाएंगी। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार से जुड़ी पढ़ाई पर ज़ोर देना आज के समय की ज़रूरत है। कुल मिलाकर यह बजट शिक्षा को आधुनिक, व्यावहारिक और भविष्य-उन्मुख बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास है।



दीपक तिवारी

### इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं

केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सीए योगेश साहू का कहना है कि नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 एवाई 26-27 से लागू किया गया। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आईटीआर फाइलिंग की ड्यू डेट में बदलाव एक स्वागत योग्य कदम है। एसटीटी बढ़ने के कारण कैपिटल मार्केट में निवेश महंगा हो गया है। मोटर एक्सीडेंट क्लेम पर मिलने वाला ब्याज इनकम टैक्स से मुक्त हो गया है।



योगेश साहू

### सेमीकंडक्टर मे भारत बनेगा दुनिया का बड़ा केंद्र

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि निर्मला सीतारमण के बजट में आईएसएम 2.0 लॉन्च की घोषणा से सेमीकंडक्टर मे भारत दुनिया का बड़ा केंद्र बनेगा। इस बजट में भी इसकी झलक दिखाई दी। उन्होंने कहा आईएसएम 1.0 ने भारत की सेमीकंडक्टर क्षमता को बढ़ाया है। इसी को आगे बढ़ाते हुए आईएसएम 2.0 लॉन्च करेंगे। इसका मकसद इक्विपमेंट और मटेरियल बनाना, पूरी तरह से भारतीय डिजाइन वाले आईपी तैयार करना और सप्लाई चेन को मजबूत करना होगा।



पंकज अग्रवाल

### बजट में छत्तीसगढ़ को किया गया नजर अंदाज

बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व पार्षद विवेक सिंह सिसोदिया ने कहा कि बजट में छत्तीसगढ़ को फिर नजर अंदाज किया गया है। बजट में राहत कम प्रचार ज्यादा है। देश महंगाई की मार झेल रहा है, लेकिन आम आदमी को सिर्फ भाषण मिले, राहत नहीं। बजट में स्थाई नौकरियो की व्यवस्था नहीं लेकिन स्किल के नाम पर आश्वासन दिए गए।किसानों की आय दोगुनी करने का दावा फिर दोहराया गया, लेकिन एमएसपी की कानूनी गारंटी,खाद बीज की बढ़ती कीमतों और सिंचाई समस्याओं पर सरकार मौन है।



विवेक सिसोदिया

### कृषि के लिए कोई खास प्रावधान नहीं

सेवा सहकारी समिति लोहर्सी के पूर्व अध्यक्ष सुबोध शुक्ला ने कहा कि बजट में सरकार ने कुल व्यय का बड़ा भाग पूंजीगत निवेश और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित रखा है, जबकि कृषि क्षेत्र, जो लगभग 45% आबादी को रोजगार देता है। कृषि बजट का हिस्सा कुल बजट का लगभग 3–4% ही है, जो किसानों की बढ़ती लागत, उर्वरक मूल्य और जलवायु जोखिम के मुकाबले अपर्याप्त है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी पर चुप्पी बनी रही। आम जनता के लिए महंगाई दर 5–6% के आसपास होने के बावजूद आयकर छूट और स्वास्थ्य–शिक्षा बजट में वास्तविक बढ़ोतरी नहीं दिखती।



सुबोध शुक्ला

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सशक्त कदम


बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता अमर सुल्तानियां कहा कि केंद्रीय बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे सशक्त कदम है। इस बजट का सीधा लाभ किसान भाइयो, महिलाओं, युवाओं, छात्रों और उद्यमियों को मिलेगा। बजट में कृषि क्षेत्र के लिए आवंटित भारी भरकम राशि जिले के किसानों की तकदीर बदलेगी। विशेष रूप से दालों, तिलहनों और बागवानी के लिए शुरू किए गए मिशनों से धान के साथ-साथ वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने 'लखपति दीदी' योजना के विस्तार और महिला उद्यमियों को मिलने वाली रियायतों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बताया।



अमर सुल्तानिया

### सार्वजनिक पूंजीगत व्यय बढ़ाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने पर ध्यान : अग्रवाल

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक विकासोन्मुखी बजट है, जिसमें सार्वजनिक पूंजीगत व्यय बढ़ाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया गया है। चाहे युवाओं के लिए आजीविका के अवसरों में सुधार की बात हो, महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता की बात हो, या मेडिकल टूरिज्म जैसे रोजगार-प्रधान क्षेत्रों को गति देने की बात, इस बजट के जरिये इन क्षेत्रों में अनेक नये अवसर निर्मित होंगे। क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ धातुओं पर सरकार के विशेष ध्यान स्वागत योग्य है। ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के लिए 'रेयर अर्थ कॉरिडोर' के विकास से रोजगार, प्रगति और खनिज सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। क्रिटिकल मिनरल्स के प्रसंस्करण के लिए पूंजीगत सामान पर आयात शुल्क में छूट, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अत्यंत सामयिक है। विशेष आर्थिक क्षेत्रों में लचीलेपन की घोषणा, जो घरेलू बाजार में कुछ बिक्री की अनुमति देगी, एक उत्कृष्ट कदम है।



अनिल अग्रवाल

### आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम : चंद्रा

सक्ती जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष व सरगुजा प्रभारी कृष्णकांत चंद्रा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे सभी वर्गों को प्रसन्न करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।डॉ साहू ने आगे कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, उद्योगपति, कर्मचारी, अधिकारी और विद्यार्थी सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में ऐसी योजनाओं का प्रावधान किया गया है जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचेगी। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण भारत पर फोकस करते हुए कहा कि इस बजट से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कृषि, रोजगार, बुनियादी सुविधाओं और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाएं गांवों में खुशहाली लाने का काम करेंगी।



कृष्णकांत चंद्रा

# निरंतर परिश्रम व अनुशासन के साथ जीवन में बढ़ें आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय सक्ति में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शालू पाहवा रही।

विशिष्ट अतिथि शासकीय डभरा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी आर कठौतिया एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रामनरेश यादव थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार देवांगन ने की। प्राचार्य विजय देवांगन द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। शालू पहवा द्वारा कन्या महाविद्यालय के महत्व को समझाया गया। श्री कठौतिया के द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया, रामनरेश यादव द्वारा कार्यक्रम की सराहना की गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात छात्राओं द्वारा अनेक मनमोहक नृत्य, संगीत, नाटक, का प्रदर्शन किया गया। अंत में अतिथियों द्वारा छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रो, रेणुका यादव, रमा पाठक,शशि कमलेश, राजलक्ष्मी सिंह,किरण कश्यप, नीतू चौहान,संजीव भारती, ईश्वर पंकज,विनोद खूंटे, कामिनी सिडार, बनवासी राम, दीपक पटेल, आशुतोष तिवारी, टी आर जायसवाल, रामराज चौहान, योगेश सिडार,कमल देवांगन, जनभागीदारी सदस्य, श्रीमती नेहा गुप्ता, सीमा खूंटे, मंजूनाथ, दीपमाला राठौर,महेंद्र यादव, आदित्य अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में छात्रा उपस्थिति रहे। मंच संचालन प्रो राम पाठक,मंजूषा राठौर,एवं छात्रा पायल देवांगन, हिमांशी राठौर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

# मनरेगा संशोधन के खिलाफ युवा कांग्रेस ने फूंका बिगुल, युवा महापंचायत की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने प्रेस वार्ता में एनओबी फॉर्म किया लॉन्च

मनरेगा में किए गए संशोधन के खिलाफ युवा कांग्रेस ने बिगुल फूंक दिया है। युवा कांग्रेस ने इस फैसले को मजदूरों, ग्रामीण युवाओं और गरीब तबके के अधिकारों पर सीधा हमला बताते हुए युवा महापंचायत के आयोजन की घोषणा की है। इसी क्रम में शनिवार 31 जनवरी को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सहप्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तर पर यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव योगेंद्र प्रताप सिंह,जांजगीर नगर अध्यक्ष रामबिलास राठौर, नागेंद्र गुप्ता, हर्ष वर्धन सिंह, ठाकुर सौरभ सिंह, प्रतीक सिंह,आकाश सिंह, भूपेंद्र यादव , आकाश तिवारी,मुकेश कौशिक, महेंद्र कश्यप, संस्कार राठौर, अंशु रजक, सीतेश कंवर आदि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रेस वार्ता का नेतृत्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने किया। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में किया गया संशोधन मजदूरों को रोजगार से वंचित करने की साजिश है। यह बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करेगा और बेरोजगारी को और बढ़ावा देगा, जिसे युवा कांग्रेस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रेस वार्ता के दौरान एनओबी फॉर्म को भी विधिवत रूप से लॉन्च किया गया। जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने बताया कि इस फॉर्म के माध्यम से आम जनता और युवाओं को आंदोलन से जोड़ा जाएगा, ताकि मनरेगा संशोधन के खिलाफ आवाज और अधिक मजबूत हो सके। पंकज शुक्ला ने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में युवा महापंचायत के जरिए बड़े स्तर पर जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।मनरेगा गरीबों की जीवनरेखा है। इसमें किया गया संशोधन मजदूरों के हक छीनने जैसा है। युवा कांग्रेस इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।




प्रेसवार्ता के दौरान एनओबी फार्म लांच करते विधायक के साथ कांग्रेस पदाधिकारी।

